लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:18 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 352, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 5 नवंबर 2023

PAGE NO, 07, MIDDLE

पहले दिन टेबल टेनिस के 86 मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत करते देवमूर्ति। ● अमृत विचार

● 10 वां श्रीराममूर्ति मेमोरियल स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू

अमृत विचार : 10 वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार को 86 मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने दमखम दिया। इससे पहले चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला ने श्रीराम मूर्ति कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत की।

दीपेंद्र कामथान ने बताया कि इस बार महिला और पुरुष वर्ग की विभिन्न 12 स्पर्धाओं में 310 खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होने पहुंचे हैं। पहली बार टूर्नामेंट में सात महिलाएं अंपायर के रूप में शामिल हो रही हैं। लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, कानपुर, इटावा, प्रयागराज, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित करीब दर्जन भर जिलों के वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सोवन मोहंती ने आभार जताया। अंपायर सौम्या सिन्हा, आरिफ नियाज, स्कोरर एनके लाहिरी, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ.जितेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।